मूलचंद पारीक जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों का अनुसरण करें : बी. डी. कल्ला

बीकानेर, (कासं)। स्वतंत्रता सेनानी स्व. मूलचंद पारीक की 14 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को जस्सूसर गेट के अंदर स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कहा कि स्व. मूलचंद पारीक सादा जीवन उच्च विचार के प्रतीक थे। उन्होंने प्रजामंडल से जुड़कर देश के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा देश को तिहरी गुलामी से मुक्त कराया। वे खादी और सहकारिता आंदोलन से जुड़े रहे तथा हाथ से काम करने वालों को रोजगार प्रदान कर संबल दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान स्व. मूलचंद पारीक जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए उनका अनुसरण करना चाहिए।

बीकानेर में स्वतंत्रता सेनानी मूलचंद पारीक को पुण्यतिथि पर शिक्षा मंत्री बी. डी. कल्ला व पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी तथा मदन गोपाल मेघवाल व महापौर सुशीला कंवर ने श्रद्धांजलि दी।

- स्वतंत्रता सेनानी पारीक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया
- निगम द्वारा इन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से मार्गों का नामकरण किया गया है, युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा लें

पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी ने कहा कि स्व. मूलचंद पारीक जैसे स्वतंत्रता सेनानी पूरे समाज की धरोहर हैं। ऐसे महापुरुषों की स्मृतियों को अक्षुण बनाए रखना हमारा सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि देश हित के लिए अपना समूचा जीवन लगा देना सबसे महत्वपूर्ण होता है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउंडेशन (अम्बेडकर पीठ) के महानिदेशक मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में अनेक देश भक्तों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। असंख्य देशभक्तों के इस योगदान को आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी। स्व. मूलचंद पारीक भी ऐसे स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश हित को सर्वोपरि माना।

महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने कहा कि निगम द्वारा इन स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से मार्गों का नामकरण किया गया है। युवा पीढ़ी इसकी अहमियत समझें, यह जरूरी है। नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष हाजी मकसूद अहमद ने कहा कि स्व. पारीक एक जनसेवक के रूप में बीकानेर के हितों के लिए प्रयासरत रहे। उन्होंने पीड़ित वर्ग को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया।

स्वतंत्रता सेनानी स्व. मूलचंद पारीक स्मृति संस्थान के अध्यक्ष नित्यानंद पारीक ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. मूलचंद पारीक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मिर्जा हैदर बेग ने पारीक चौक स्थित सरकारी विद्यालय का नामकरण स्व. मूलचंद पारीक के नाम से करने की मांग रखी तथा आगंतुकों का आभार जताया।

इस दौरान कन्हैयालाल कल्ला, देवकिशन चांडक, जुगल राठी, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक, भंवर लाल व्यास, हीरालाल किराडू बतौर अतिथि मौजूद थे। इससे पहले शिक्षा मंत्री डॉ कल्ला सहित सभी अतिथियों ने स्व. मूलचंद पारीक की प्रतिमा के सामने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वल्लभ कोचर, हेमंत किराडू, मालचंद कस्वां, ओम प्रकाश राठी, कमल रंगा, डॉ. फारुख, नरसिंह दास व्यास, भंवरलाल साद, गिरिराज पारीक, महेन्द्र कुमार जोशी, रुपाराम चौधरी, धनसुख आचार्य, श्रवण रामावत, हंसराज, बिशनाराम गोदारा, राकेश पारीक, शिव कुमार, संतोष व्यास, सुमित कोचर सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

जमीन आवंटन को लेकर धरना जारी

चूरू, (कास)। राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास संघर्ष समिति की ओर से नगर परिषद के आगे छात्रावास जमीन आवंटन की मांग को लेकर दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 14वें दिन भी जारी रहा। गौरतलब है कि यह धरना अल्पसंख्यक समाज की ओर से समाज के छात्रावास की मांग को लेकर नगर परिषद की टरकाऊ नीति के विरोध में दिया जा रहा है। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि चूरू नगर परिषद नरक परिषद का रूप ले रही है। नगर परिषद सभापति पायल सैनी आंखें बंद कर समाज की जायज मांगों पर पानी फेरना चाहती है, पर वे अपनी मांगों को लेकर डटे रहेंगे, जब तक मांगें नहीं मानी गई तब तक धरना जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष रेहाना रियाज से वार्ता कर मामले के बारे में अवगत कराया गया और समाज के लिए जल्द ही जमीन आवंटन की मांग की गई।

इस अवसर पर अख्तर खान रुकनखानी, असलम खां दौलतखानी, मकसूद खान रतननगर, अब्बास भाटी, मुबारक भाटी, आरिफ खान, जावेद खान, महबूब खान, अयूब खान, मोहम्मद अली पठान, भंवरु खां आदि उपस्थित थे। इतने गम्भीर आरोप लगने के बाद भी सभापति पायल सैनी की चुप्पी नहीं टूट रही है। लोगों ने कहा कि पायल सैनी वोट मांगने के लिए तो घर-घर गई थीं।

सार-समाचार

पुण्यतिथि पर व्यास को श्रद्धांजलि दी

बीकानेर, (कासं)। मुरलीधर व्यास राजस्थानी स्मृति संस्थान और स्टूडेंट सॉल्यूशन क्लासेज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आधुनिक राजस्थानी कहानी के जनक मुरलीधर व्यास राजस्थानी की 38 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्थान के आनंद पुरोहित मस्ताना ने बताया कि स्व. मुरलीधर व्यास राजस्थानी साहित्य जगत में प्रथम कहानीकार थे। उन्होंने लघु कथाएं, लोक कथाएं, संस्मरण, रिपोर्ट, नाटक, निबंध, दोहे, सोरठे भी लिखे। स्व. मुरलीधर व्यास के पड़पौत्र तथा युवा साहित्यकार व्यास योगेश ने व्यक्तिगत कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुरलीधर व्यास ने उस दौर में राजस्थानी भाषा में लिखना शुरू किया, जब यहां अंग्रेजों का शासन था। अंग्रेजी बोलना लिखना अधिक चलन में थे। साहित्य सृजन में उन्होंने अनेक चुनौतियों का सामना किया। वह राजस्थानी भाषा के जीवंत रूप थे। राजस्थानी भाषा उनके रग-रग में समाई हुई थी। युवा गीतकार गोपाल पुरोहित 'अवांछित' ने बताया कि मुरलीधर व्यास कहानीकार के साथ- साथ कवि भी थे। भक्ति रस की उनकी रचनाएं कल्याण जैसी स्तरीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई। संस्था के पीयूष जांगिड़ ने कहा कि मुरलीधर व्यास ने सामाजिक विद्रुपताओं के विरुद्ध लेखनी चलाई। उनकी रचनाएं गूढ़ अर्थ लिए हुए होती थी। साथ ही उन्हें समझना पाठक के लिए आसान होता है। उन्होंने बदलते समय की मान्यताओं को राजस्थानी सन्दर्भ में नवबोध के साथ प्रस्तुत किया। शुभम व्यास ने आगंतुकों का आभार जताया। कार्यक्रम में मधुकर जोशी, कुनाल गहलोत, लक्की व्यास, माधव व्यास, दीक्षा पुरोहित, हर्षिता स्वामी, योगिता पारीक आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कड़वासरा ने पदभार संभाला

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान भूदान यज्ञ बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा ने बुधवार को जयपुर में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वह इस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। भूदान यज्ञ बोर्ड से जुड़ी किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जायेगा। इसके लिए प्रदेशभर का दौरा करेंगे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने बोर्ड के अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली तथा कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान यशपाल गहलोत, फल सब्जी एवं ऊन मंडी चेयरमैन रामा कड़वासरा, बिशनाराम सियाग, हारुन राठौड़, राजेश दाधीच, रामगोपाल, मूलाराम, गोपाल राम कड़वासरा, ईश्वर दयाल, बजरंग ठेकेदार, बजरंग पटवारी, पप्पू कड़वासरा, अमरचंद सियाग, रिडमल बिस्सु, ओम प्रकाश, सहीराम सारण, ओमप्रकाश गोदारा, प्रेम बांगड़वा, राजकुमार गोदारा, कैलाश जाखड़, रामनिवास गोदारा, रामनारायण ज्याणी, धर्मचंद सांगवा, मुखराम धतरवाल, अरविंद काजला, श्रवण राम घिंटाला, राहुल जादू संगत, शिव गहलोत, टीकू तंवर, भंवर गोदारा, श्रवण रिटोड़, गणपत खींचड़, कैप्टन मोहनलाल, सुमित भगासरा, गणपत सिगड़, भंवरलाल रिटोड़, भंवरलाल डारा, भंवरलाल गोरछिया, मुन्नी देवी गोरछिया, रामनारायण कड़वासरा आदि मौजूद थे।

प्लेसमेंट शिविर का आयोजन

बीकानेर, (कासं)। बी.जे.एस. रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय, बीकानेर में आज रितु प्लेसमेंट्स के सहयोग से प्लेसमेंट एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बोलते हुए रितु प्लेसमेंट्स के डी. एम. अशोक भार्गव ने बताया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों में वर्क फॉर्म होम एवं वर्क ऑन ऑफिस दोनों तरह की नौकरियां उपलब्ध होती है। इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी करने के लिये उच्च शिक्षा के साथ साथ अपने ऊपर विश्वास की जरूरत भी होती है। अधिकतर भारतीय अंग्रेजी से कम जुड़ाव रखते है और अगर अंग्रेजी आती है तो वे सोचते है कि उनका लहजा अलग है। आज जरूरत है इस भावना को बदलने की व इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ जुड़ने की। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ जुड़ने के लिये कोई अतिरिक्त योग्यता की आवश्यकता नहीं है वरन केवल कुछ ट्रेनिंग की आवश्यकता होती है। एच.आर त्रिशला वर्मा ने बताया कि आज समय के मांग है कि हर कॉलेज का विद्यार्थी अपना खर्च स्वयं उठाये और प्लेसमेंट एजेंसियों से जुड़कर लाभ उठाये। रितु प्लेसमेंट्स की एच.आर.एम. सुरभि रावल ने बताया कि समय कि मांग के अनुसार ढ़लने वाले विधि के विद्यार्थियों के लिये आज के समय में कई अवसर उपलब्ध है। प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने धन्यवाद देते हुए बताया कि बी.जे.एस. रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय समय- समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थी को आज के समय में हो रहे बदलावों के साथ जोड़ना है। इस एक दिवसीय शिविर से आप स्वयं भी लाभ उठायें और अपने परिचितों को भी आज के समय में हो रहे बदलावों से जोड़ने का कार्य करें।

स्कूल में विकास कार्य कराने वाले दानदाता सम्मानित होंगे

हनुमानगढ़,(कासं)। शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए जिला निष्पादक समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर नथमल डिडेल की अध्यक्षता में हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में स्कूल में विकास कार्यों के लिए कोई भी व्यक्ति डोनेट टू स्कूल के अन्तर्गत 1 लाख या उससे ज्यादा का दान देता है तो ऐसे दानदाताओं को सम्मानित किया जायेगा।

सीडीईओ वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि डोनेट टू स्कूल अंतर्गत जिले में जनवरी माह में ही करीब 6.7 लाख ऑनलाइन और 28 लाख 35 हजार रूपये ऑफलाइन प्राप्त हुए हैं। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में संचालित कुल 24 महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम की समीक्षा करते हुए इन विद्यालयों में आवश्यक सामग्री के लिए प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही बोर्ड परीक्षा 2022 के परीक्षा परिणाम सुधार हेतु प्रति सप्ताह टेस्ट लेने, कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर अतिरिक्त कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए।

हनुमानगढ़ कलेक्टर नथमल डिडेल ने शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा योजना की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं विभागीय निर्देशानुसार सम्पन्न करवाई जाए तथा अधिकारी समय-समय पर इन परीक्षाओं का निरीक्षण करें। जिला कलेक्टर ने राजकीय एवं निजी विद्यालयों में 15-18 वर्ष के कोविड वैक्सीनेशन से वंचित विद्यार्थियों का भी जल्द वैक्सीनेशन के निर्देश दिए। एनीमिया मुक्त राजस्थान के अन्तर्गत बच्चों को नियमित रूप से गुलाबी एवं नीली गोलियों का प्रति सप्ताह वितरण करने,शाला दर्पण पोर्टल पर चढ़ाने और गोलियों की मांग विद्यालय की ओर से संबंधित प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिला ने अपहरण की रिपोर्ट दी

पाटन, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत न्योराणा कि संतोष देवी ने अपने ही गांव के रामवतार मीणा पुत्र गोकुल चंद मीणा पर बेटी के अपहरण की नामजद रिपोर्ट पाटन थाने में दर्ज कराई है।

संतोष देवी ने बताया कि 13 जनवरी को वह जीवन रेखा अस्पताल में भर्ती थी तभी मेरी पुत्री का फोन आया और घर आने के बारे में पूछा। मैंने बताया कि एक घंटे बाद मुझे छुट्टी मिलने पर घर पहुंचेगी। सन्तोष देवी अस्पताल से छुट्टी मिलते ही घर आई तो मेरी बेटी मुझे घर नहीं मिली। गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि उसको रामोतार के साथ देखा था।

आरोपी रामअवतार मीणा मेरी बेटी को सीकर भगा कर ले गया। पीड़ित संतोष देवी ने बताया कि आरोपी मेरी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है तथा मेरी बेटी को जान माल का पूरा खतरा है।

पीड़ित संतोष देवी में पाटन थाने में गुहार लगाकर आरोपी रामावतार मीणा के खिलाफ कार्रवाई करने व बेटी को सकुशल घर वापसी को लेकर पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता 15 मार्च तक चलेगी

श्रीगंगानगर, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 'मेरा मत - मेरा भविष्य' और 'एक मत की ताकत' को आधार लेते हुए राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता प्रस्तुत की गई है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को प्रारम्भ हुई यह प्रतियोगिता 15 मार्च तक चलेगी।

- साक्षरता क्लबों के प्रभारी अधिकारी, कैम्पस एम्बेसेडर आदि सम्मिलित हुए

जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रुक्मणि रियार सिहाग और उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन भवानी सिंह पंवार ने बताया कि प्रतियोगिता को राजस्थान में व्यापक प्रचार और कार्यवाही के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के निर्देशानुसार विगत दिवस निर्वाचन विभाग, राजस्थान द्वारा सचिवालय जयपुर में एक वीडियो कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान के सभी जिला एवं ब्लॉक स्तर तक के अधिकारी व निर्वाचन साक्षरता क्लबों के प्रभारी अधिकारी, कैम्पस एम्बेसडर आदि सम्मिलित हुए। मुख्य विषय वस्तु 'मेरा मत- मेरा भविष्य' के व्यापक प्रचार-प्रसार के दृष्टिकोण से निर्वाचन विभाग, राजस्थान की ओर से वीडियो कांफ्रेंस में मार्गदर्शन देते हुए अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुणाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल आम मतदाता को जागरूक करेगी बल्कि रचनात्मक विचार और क्रियात्मकता को आगे लाने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। भारत निर्वाचन आयोग की इस प्रतियोगिता में 5 मुख्य बिन्दु रखे गए हैं जिनमें क्विज कान्टेस्ट, वीडियो निर्माण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, गीत निर्माण प्रतियोगिता तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता शामिल है।ांवार ने बताया कि इन सभी प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य नव वातावरण का निर्माण एवं चेतना बनाना है।

विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई

बीदासर, (निसं)। संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर चूरू के निर्देशों की पालना में राजकीय बांठिया माध्यमिक विद्यालय बीदासर में बुधवार को 'हम न नशा करेंगे और न ही किसी को नशा करने देंगे' की थीम पर नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यवाहक उपखंड अधिकारी सुभाष चंद छीपा, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देशराज सिंह सिंघल तथा कार्यक्रम के आयोजक प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश शर्मा एवं मिशन के प्रभारी डॉ. सरदार सिंह व्याख्याता, आरपी गुलाबचंद व रचना पारीक रहे। उपखंड अधिकारी ने कार्यक्रम का षुभारम्भ कर अपने उद्बोधन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और अपना ध्यान अध्ययन पर केंद्रित करें और उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशा वृत्ति से होने वाले मानसिक, सामाजिक, आर्थिक नुकसान के बारे में अवगत कराया।

विशिष्ट अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देशराज सिंह सिंघल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी विद्यार्थी तंबाकू गुटखा का प्रयोग नहीं करें क्योंकि इससे अध्ययन से ध्यान विचलित होता है और साथ ही विद्यार्थी गंभीर बीमारियों का शिकार भी हो सकता है।

रोज एवं गार्डन प्रतियोगिता 26 को होगी

बीकानेर, (कासं)। रोज एवं गार्डन प्रतियोगिता प्रदर्शनी की तिथि में परिवर्तन किया गया है। यह प्रतियोगिता अब 19 फरवरी के स्थान पर 26 फरवरी को शार्दुल क्लब मैदान में आयोजित होगी। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए. एच. गौरी ने बताया कि 6 श्रेणियों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए 23 फरवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। भरे हुए आवेदन वाट्सएप नम्बर 0151-2202158 पर अपलोड करने होंगे। सभी श्रेणियों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते बिजली के उपकरण जले

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 4० मेघवाल मोहल्ले में गत 3-4 दिनों से बिजली के बार-बार ट्रिपिंग लेने से लोगों के घरों में महंगे विद्युत उपकरण जल गये।

वार्ड पार्षद एडवोकेट राजेन्द्र पटीर ने बताया कि गत 3-4 दिनों से कभी बिजली आती है, कभी जाती है और अचानक वोल्टेज बढ जाते हैं, फिर वोल्टेज कम हो जाते हैं, जिससे घरों से बल्ब, एलईडी मोबाइल चार्जर खराब हो गए। वहीं मौहल्ले में कई घरों में टेलिविजन व मोबाईल सहित अन्य सामान खराब हो गये हैं। पटीर ने बताया कि इस संबन्ध में विद्युत निगम कार्यालय सादुलपुर के जेईएन को दुरभाष से अवगत करवा दिया गया था, परन्तु आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

राजगढ़ के वार्ड 40 में गुसांइन समाधि के पास गुजरती विद्युत लाइन।

कलश यात्रा के साथ भाटी के धरना स्थल पर गीतासार व गौ कथा शुरु

बीकानेर, (कासं)। पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी द्वारा राज्य सरकार के द्वारा 15 दिसम्बर 2021 को गोचर , औरण के कब्जाधारियों को पट्टे जारी करने के निर्णय के खिलाफ दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना आज 35 वें दिन भी जारी रहा।

आज धरना स्थल पर बालसंत श्रीछैल बिहारी द्वारा रामगणेश मंदिर से कलश यात्रा लेकर पहुंचने के बाद श्रीमद्भागवद गीता सार महोत्सव व गौ - कथा की शुरूआत की गई। वहीं गोचर दीवार निर्माण के लिए कैलाशपुरी के लोगों द्वारा 51 हजार रूपये की राशि गुप्त भेंट की गई।

भाटी के प्रवक्ता सुनील बांठिया ने बताया कि कथा की पूजा रवि कुमार शास्त्री, मनु महाराज द्वारा मुख्य यजमान प्रेमलता - देवीकिशन चांडक से कराई गई। श्रीछैल बिहारी ने गाय के महत्व व उत्पति के बारे में विस्तृत व्याख्या करते हुए गौ प्रेमी भाटी द्वारा देशी इलाज पर आधारित पुस्तक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाटी की इस पुस्तक में भी गौ माता द्वारा प्रदत्त वस्तुओं से रोगों का शून्य आधारित इलाज की भी जानकारी दी हुई है।

बीकानेर के सरह नथानियान गोचर भूमि में भाटी के धरनास्थल पर कलश यात्रा के साथ गीता सार व गौ कथा का शुभारंभ किया।

छैल बिहारी ने कहा कि गाय का आदर सत्कार करें। गाय से ही हमें धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। श्रीकृष्ण के जन्म पर नन्द बाबा ने भी ऋषियों - मुनियों को दो लाख गाये भेंट स्वरूप प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि जहां गाय पूजी जाती है वहां देवता वास करते हैं। आज गौ माता के बगैर शादी-विवाह भी सम्पन्न नहीं होते हैं।

- गोचर दीवार निर्माण के लिए कैलाशपुरी के लोगों द्वारा 51 हजार रूपये की राशि दी

इस अवसर पर पूर्व मंत्री भाटी ने कहा कि पहले हर घर में गौवंश पाला जाता था। जिससे घर के लोगों को रोगों से मुक्ति मिलती थी। आज यह सरकार गौवंश के चारागाह को समाप्त करने पर तुली हुई है। जिसे हम किसी भी हालात में होने नहीं देंगे। भाटी ने कहा कि गाय द्वारा प्रदत्त वस्तुएं दैनिक उपयोग में लेने से व्यक्ति की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। प्रत्येक घर में एक गाय अवश्य पालनी चाहिए। वही धरने के समर्थन में पूरे प्रदेश से गौ प्रेमियों का समर्थन प्राप्त हो रहा है।

मिस फ्रेशर सुमन व मनमोहन मिस्टर फ्रेशर घोषित

बीकानेर, (कासं)। एमजीएसयू के इतिहास विभाग में स्नातकोत्तर के नवागंतुक छात्रों के स्वागत में सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार छंगाणी द्वारा छात्रों को संबोधित किया जिसमें उन्होंने छात्र-छात्राओं को एकजुट रहकर विभाग के आयोजनों में प्रत्यक्ष हिस्सेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित होने की बात कही। फ्रेशर पार्टी की समन्वयक सहायक प्रो. डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से विधिवत आरंभ हुए आयोजन में सर्वप्रथम सीनियर छात्रों द्वारा सत्र के नए आवेशित छात्र छात्राओं का कुमकुम लगाकर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नृत्य प्रस्तुतियां, नाट्य, गायन, चुटकुले, कविताएं आदि प्रस्तुतियां आयोजित की गई। नवागंतुक छात्र छात्राओं ने डीजे की धुन पर रैम्प पर कैटवॉक कर अपना परिचय मंच से दिया। जिसमें विजेता के रूप में मिस फ्रेशर का खिताब स्नातकोत्तर आंकियोलॉजी की सुमन को दिया गया तो वहीं मिस्टर फ्रेशर स्नातकोत्तर इतिहास के मनमोहन सुथार को चुना गया। सीनियर छात्रों ने अपने जूनियर छात्र- छात्राओं के साथ कई प्रकार के मनोरंजक खेल खेले। आयोजन के अंत में विजेता घोषित किये गए। आयोजन में इतिहास विभाग के अतिथि संकाय सदस्य सुनीता स्वामी, सुधीर छींपा, पवन रावत जसप्रीत सिंह, डॉ मुकेश हर्ष आदि उपस्थित रहे।

बीकानेर में एमजीएस विवि के इतिहास विभाग में फ्रेशर पार्टी में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति दी।